


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

## विश्वास करिये, अंक ज्योतिष में छिपा है

# आपके भाग्योदय का राज

न्यूमरोलॉजी में पूछेंगे क्या यह प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी से परे हटा हुआ है, शायद इसलिए उसको पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। तो क्या यहां न्यूमरोलॉजी मदद कर सकती है ? अब आपको न्यूमरोलॉजी का तर्क पकड़ में आ गया होगा। अंक कैसे सहायता करते हैं? हम इनका कैसे उपयोग कर सकते हैं? यही मूल आधार है न्यूमरोलॉजी का। तो अंक हमें सहायता करते हैं प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी सेट करने के लिए! रेडियो के ऊपर अलग-अलग स्टेशन, अलग-अलग फ्रीक्वेंसी पर होते हैं। जब सही ट्यूनिंग नहीं होती तो शोर होता है। जब हम इसको सही फ्रीक्वेंसी से मैच करवा देते हैं तो क्या होता है? स्पष्ट संगीत या आवाज। कोई शोर नहीं। ठीक ऐसे ही जीवन में काम करती है न्यूमरोलॉजी।

प्रश्न है- मेरी फ्रीक्वेंसी क्या हैं? मेरी नेचुरल स्टेट क्या है, मेरे नेचुरल नंबर क्या हैं, मैं किससे पहचाना जाता हूं? हिन्दू भाषा में जो अक्षरों को नम्बर दिए हुए हैं उनका प्रयोग करते हुए अपने नाम को सशक्त किया जा सकता है। अंकों और अक्षरों का संतुलन बैठा तो नाम सशक्त हो जाता है।

एक सेब है उसमें दाग लगा हुआ है तो क्या उसकी कीमत पूरी मिलेगी? उसको दाग कहने की बजाय असंतुलित कहेंगे। तो सेब की कीमत कब मिलती है? जब वह बिल्कुल सही है खराब नहीं हुआ है। दुनिया में कुछ भी जब खराब हो जाता है तो उसकी कीमत गिर जाती है। उदाहरण सेब पूछ रहा है मेरे पूरे पैसे क्यों नहीं मिल रहे। व्यक्ति क्या कहता है ? जब मैं मेहनत कर रहा हूं तो मुझे पूरे पैसे क्यों नहीं मिल रहे। न्यूमरोलॉजी में पूछेंगे क्या यह प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी से परे हटा हुआ है, शायद इसलिए उसको पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। तो क्या यहां न्यूमरोलॉजी मदद कर सकती है ? अब आपको न्यूमरोलॉजी का तर्क पकड़ में आ गया होगा! प्राकृतिक अवस्था क्या है ? उसको कैसे जानें ? फिर नाम में उसको कैसे फिट करें ? एक और पहलू है आपकी पहचान का- आपका हस्ताक्षर (सिग्नेचर)।

आपकी पहचान और कहां-कहां से होती है ? आप जो भी करते हैं वह कर्म आपकी पहचान हो सकता है। चेहरा आपकी पहचान है, अंगूठे की छाप पहचान है और आज के युग में मोबाइल नंबर भी आपकी पहचान है। ईमेल आईडी भी आपकी पहचान है। लोग सिर्फ आपके मोबाइल नंबर से आपको पहचनते हैं। लोग बिना आपकी शक्ल देखे आपसे व्यापार कर रहे हैं।


आपकी पहचान क्या है ? आपकी परफर्मेंस ही आपकी पहचान है। आप कहां-कहां से परफॉर्म करते हैं, कहां-कहां से आप अपने आप को प्रस्तुत करते हैं संसार में ? बैंक एकाउंट नंबर मर्जी से लिया जा सकता है। नाम के आधार पर बैंक कौन-सा चुनना है, आपके पास विकल्प हैं। जब आप अपने लिए सही नंबरों को पहचान जाते हैं तब आप अपना नाम, अपनी कंपनी का नाम, अपनी ई-मेल आईडी को संतुलित करके अच्छी लाभकारी संभावनाओं का दायरा बढ़ा देते हैं।

# काले रंग का नहीं होना चाहिए घर का मेन गेट, नहीं तो हो सकता है पैसों का नुकसान

कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर वास्तु दोषों को कम किया जा सकता हैकुछ घरों में हमेशा किसी न किसी बात पर विवाद होता रहता है या उस घर में अक्सर लोग बीमार रहते हैं। इन सभी बातों का कारण वास्तु दोष भी हो सकते हैं। कुछ आसान बातें ध्यान रख इन वास्तु दोषों से बचा जा सकता है। ये हैं 5 ऐसे वास्तु दोष जिनकी वजह से घर में हमेशा अशांति बनी रहती है...

घर का मुख्य दरवाजा काले रंग का नहीं होना चाहिए। वास्तु के अनुसार, इससे परिवार के मुखिया को धोखा, अपमान और लगातार नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।घर का मेन गेट घर के अन्य दरवाजों से बड़ा होना चाहिए। अगर मेन गेट दूसरे दरवाजों से छोटा हो तो पैसों से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। सूर्योदय के समय घर की खड़कियां खुली रखनी चाहिए। इससे पॉजिटिव एनर्जी घर में प्रवेश करती है।घर के दरवाजों के पीछे किसी भी तरह के हथियार या डंडा आदि नहीं रखना चाहिए। इससे परिवार के सदस्यों के बीच विवाद भी स्थिति बन सकती है।

घर के किसी भी बेडरूम में वॉश बेसिन नहीं होना चाहिए। इससे लव लाइफ में परेशानियां आ सकती हैं। अगर ऐसा हो वॉश बेसिन के आगे पर्दा जरूर लगाएं।



# आयरलैंड की खूबसूरती के साथ-साथ वहां के संगीत का भी है अलग एहसास



आयरलैंड में संग्रहालय और कला दीर्घाएँ बड़ी संख्या में है। सबसे ज्यादा गर्मियों के महीने में यहाँ बड़ी संख्या में संगीत और कला से सम्बन्धित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। सेल्टिक म्यूजिक यहाँ का पारम्परिक संगीत है, जो आयरिश संगीत का एक भाग है। जब बात भारत से बाहर घूमने की होती है तो बस लोग गिने चुने ही ऑप्शन बताते है, थाइलैंड, मलेशिया, लंदन, बाली आदि3 लेकिन हम आपको उन ऑप्शन से अलग एक ऐसी जगह के बारे में बताएंगे जहां का एहसास आपको हमेशा याद रहेगा। सालों पहले ब्रिटेन से अलग हुआ आयरलैंड एक ऐसी खूबसूरत जगह है जहां जाकर मानो ऐसा लगता है कि यहीं स्वर्ग है।

कपल के लिए है खास

ये जगह सोलो और कपल के साथ जाने वालो के लिए भी एक दम परफेक्ट है। यहां पर सुकून है, मस्ती भी है, रहने और खाने के लिए जायकेदार आइटम्स भी है। यहां के खाने का स्वाद आपको लंबे समय तक याद रहेगा। कपल के लिए आयरलैंड काफी रोमेंटिक प्लेस है क्योकि यहां एक ही जगह पर दुनिया के अलग-अलग रंग देखने को मिल जाते हैं। खास बात यह भी है कि यहां बहुत अधिक भीड़ नहीं होती और देशों के मुकाबले।

आयरलैंड की खास जगह जहां की सैर करना है जरूरी, वरना सफर रह जाएगा अधूरा

● बॉयने वैली ● रिंग ऑफ केरी ● द क्लिफ ऑफ मोहर ● अरण द्वीप







द बूरेन

आयरलैंड में संग्रहालय और कला दीर्घाएँ बड़ी संख्या में है। सबसे ज्यादा गर्मियों के महीने में यहाँ बड़ी संख्या में संगीत और कला से सम्बन्धित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। सेल्टिक म्यूजिक यहाँ का पारम्परिक संगीत है, जो आयरिश संगीत का एक भाग है। विश्व मंच पर आयरिश संगीत को पहचान दिलाने में जेम्स गालवे का सहयोग अतुलनीय है। कला में सेल्टिक आर्ट एक पुरानी कला है जिसमें रेखाओं की सिमेट्री बनाई जाती है जिसमें सेल्टिक क्रास, नॉटवर्क डिजायन, सेल्टिक ट्री ऑफ लाइफ, स्पाइरल डिजायन, पार्टकुलिस डिजायन आदि है जो किसी न किसी मान्यता से जुड़ी हुई है।